भारत सरकार

संचार मंत्रालय

दूरसंचार विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2537

उत्तर देने की तारीख 4 दिसम्बर, 2019

बीएसएनएल की खराब वित्तीय स्थिति

2537. डॉ. जयसिद्देश्वर शिवाचार्य स्वामीजी:
श्री एस. मुनिस्वामी:
श्री ए. गणेशमूर्ति:
डॉ. टी. आर. पारिवेन्धर:

क्या **संचार मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) और महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) का इन संगठनों के कर्मचारियों के संबंध में विलय के क्या लाभ हैं;

(ख) क्या सरकार की बीएसएनएल के कर्मचारियों को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना/ वीआरएस को देने की कोई योजना है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को इन संगठनों के कर्मचारियों से वीआरएस हेतु कोई आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा प्राप्त ऐसे आवेदन पत्रों की दूरसंचार कम्पनी-वार संख्या कितनी है; और

(घ) वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने वाले कर्मचारियों की दूरसंचार कम्पनी-वार संख्या कितनी है?

उत्तर

संचार, विधि और न्याय तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री रविशंकर प्रसाद)

(क) महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) दिल्ली और मुंबई के महानगरों में प्रचालन करता है और भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) शेष भारत में प्रचालन करता

जारी.....2/-

है। इनके विलय का लाभ अखिल भारत स्तर पर प्रचालन में समन्वय, उन्नत उद्यम व्यवसाय, तकनीकी जनशक्ति की साझेदारी और प्रमुख प्रबंधन संसाधन के रूप में प्राप्त होगा। बीएसएनएल और एमटीएनएल का विलय करके बनाई गई कंपनी के वित्तीय निष्पादन में सुधार होगा, जो अन्ततः संगठनों के कर्मचारियों को लाभान्वित करेगा।

(ख) मंत्रिमंडल ने दिनांक 23.10.2019 को आयोजित बैठक में बीएसएनएल के पुनरुद्धार की योजना को अनुमादित किया है जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ 50 वर्ष या इससे अधिक आयु के कर्मचारियों के लिए स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति स्कीम (वीआरएस) के माध्यम से कर्मचारियों की लागत में कमी करना शामिल है।

(ग) बीएसएनएल और एमटीएनएल ने दिनांक 04.11.2019 से 50 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु के अपने कर्मचारियों के लिए स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति स्कीम (वीआरएस) योजना शुरू की है। यह स्कीम दिनांक 03.12.2019 तक लागू है। दिनांक 27.11.2019 की स्थिति के अनुसार बीएसएनएल के 79101 कर्मचारियों और एमटीएनएल के 14050 कर्मचारियों ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति स्कीम (वीआरएस) हेतु आवेदन किया है।

(घ) बीएसएनएल के 804 कर्मचारियों और एमटीएनएल के 62 कर्मचारियों ने अप्रैल से अक्टूबर, 2019 के दौरान स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली है।

*****